भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *82

जिसका उत्तर 05.02.2026 को दिया जाना है

एर्नाकुलम में अंगमाली-कुंदनूर बाईपास

*82. श्री बैन्नी बेहनन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) एर्नाकुलम जिले में प्रस्तावित अंगमाली-कुंदनूर बाईपास की योजना और अनुमोदन की वर्तमान स्थिति क्या है और व्यवहार्यता अध्ययन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने और अंतिम संरेखण की पहचान करने के संबंध में क्या प्रगति हुई है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त बाईपास परियोजना के निष्पादन के तरीके के संबंध में कोई निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इसे इंजीनियरिंग, प्रापण और निर्माण (ईपीसी), हाइब्रिड वार्षिकी मोड (एचएएम) या किसी अन्य मॉडल के अंतर्गत शुरू किए जाने का प्रस्ताव है और इस विकल्प के पीछे क्या औचित्य है;

(घ) क्या प्रस्तावित कार्यान्वयन मॉडल में किसी अनिर्णय या परिवर्तन के कारण भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू करने, सांविधिक/पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने या बोलियां आमंत्रित करने में विलंब हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या इस परियोजना को पूरी तरह से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के संसाधनों के माध्यम से अथवा सार्वजनिक-निजी भागीदारी ढांचे के माध्यम से वित्तपोषित किए जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो प्रस्तावित ढांचे के अंतर्गत अनंतिम लागत निर्धारण सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

“एर्नाकुलम में अंगमाली-कुंदनूर बाईपास” **के संबंध में श्री बैन्नी बेहनन** द्वारा पूछे गए दिनांक 05 .02.2026 **के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *82 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, केरल राज्य सहित देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के सुधार / चौड़ीकरण / निर्माण के लिए व्यवहार्यता अध्ययन / विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करता है। परियोजना कार्यान्वयन और निवेश का निर्णय डीपीआर के परिणाम, संपर्कता की आवश्यकता, यातायात सघनता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाता है। एनएच-544 के अंगमाली-एडप्पल्ली खंड और एडप्पल्ली से कुंदानूर / अरूर को बाईपास करने के लिए 50 किलोमीटर की संभावित लंबाई वाले अंगमाली से अरूर तक की परियोजना के लिए डीपीआर तैयार करने का कार्य सौंप दिया गया है। यह परियोजना संरेखण पूर्व अनुमोदन चरण में है।

(ख) से (ड.) परियोजना के मूल्यांकन और अनुमोदन के दौरान विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के परिणाम के अनुसार निष्पादन का तरीका निर्धारित किया जाएगा।

*****